

## नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश



**बड़वानी।** नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत एसपी जगदीश डावर व एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन में एसडीओपी दिनेश चौहान, यातायात प्रभारी विनोद बघेल एवं थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में कई आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सरस्वती नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रणजीत चौक में एक सशक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसमें दर्शाया कि नशा व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर करता है तथा उसका सीधा दुष्प्रभाव परिवार और समाज पर भी पड़ता है। मार्मिक संवादों और जीवंत अभिनय से युवाओं ने यह संदेश दिया कि नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, उसकी पूरी पीढ़ी को प्रभावित कर सकता है। इस दौरान नागरिकों को नशा मुक्ति से संबंधित पाम्प्लेट वितरित किए और विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता पोस्टर भी लगाए। एसपी जगदीश डावर ने नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि नशा एक ऐसा धीमा ज़हर है, जो व्यक्ति के भविष्य को खत्म कर देता है। पुलिस आमजन की मित्र है और नशा छोड़ने की राह में कोई भी व्यक्ति पुलिस से बेहिचक संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम में जिला साइबर एक्सपर्ट रितेश खत्री, पुलिस जनसंपर्क अधिकारी असद खान, प्रधान आरक्षक जगजोत, काउंसलर अनीता चोयल, सरस्वती कॉलेज के कुमरावत, महिला आरक्षक सुशीला, थाना कोतवाली का स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में नागरिक और युवा उपस्थित रहे।

# सुविधाओं का अभाव, बच्चें उतरे सड़कों पर, पैदल पहुंचे 28 किमी

### एकलव्य छात्रावास के 100 बालक और बालिकाओं ने तंग आकर किया बड़वानी की ओर कूच

**निवाली, (नवभारत)।** नगर में अब ये आम हो गया है कि जब किसी छात्रावास के बच्चे समय पर ड्रेस नहीं मिलना, पाठ्य सामग्री नहीं मिलना सहित अन्य परेशनियों को लेकर सड़कों पर उतरे। इसी क्रम में सोमवार सुबह 8 बजे एकलव्य छात्र छात्रावास के करीब 100 बालक-बालिकाओं ने तंग आकर बड़वानी की ओर कूच किया। जिसके बाद प्रिंसिपल ने बच्चों के सामने गाड़ी भी खड़ी की, जिससे बच्चे नहीं रूके। स्थानीय स्तर के अधिकारियों द्वारा भी बच्चों को रोकने की कोशिश की गई पर बच्चे रुकने को तैयार ही नहीं थे। वह एक ही बात पर अड़े रहे व जिला कलेक्टर से मिलने की मांग करते रहे। बच्चे रास्ते भर प्रिंसिपल व वार्डन के खिलाफ नारे लगाते रहे। ज्ञात हो कि पूर्व में भी इसी छात्रावास के बालक बालिकाएं इसी प्रिंसिपल के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे व 22 किलोमीटर पैदल चलकर पलसूद पहुंचे। जहां कलेक्टर द्वारा समझाइश व जांच कर कार्रवाई की बात की। जिसमें प्रिंसिपल को सस्पेंड किया, जिसके बाद प्रिंसिपल मीनाक्षी भार्गव द्वारा कोर्ट से स्टे लाया गया था, जिसके बाद सोमवार की सुबह बच्चे



प्रिंसिपल पर छात्र छात्रावास में भ्रष्टाचार करने व प्रिंसिपल के पति की छात्र छात्रावास में हस्तछेप के आरोप लगाए। बच्चों ने बताया कि किसी भी समस्या को लेकर जब हम प्रिंसिपल के पास जाते हैं, वहां बैठे उनके पति पहले बात करते व रेस्टीगेट करने की धमकी देते हैं वहीं वार्डन द्वारा हमारे ऊपर जाति सूचक टिप्पणी की जाती है। इस सब में एक बच्चा लेदाराम जमरे भी उपस्थित था, जिसे दो दिन पहले रेस्टीगेट कर टीसी दे दिया गया था। उसने बताया कि 8 दिन पहले में होस्टल की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई थी, जिसमें मुझे टारगेट कर रेस्टीगेट कर दिया गया। वहीं मुझे मनोज सर द्वारा मार गया था, जिसके बाद प्रिंसिपल मेडम द्वारा मुझ पर शराब पीकर दादागिरी करने का आरोप लगाकर 2 दिन पूर्व मुझे टीसी दे दी गई। में मेडिकल करवाने बात कहता रहा पर मेरी एक ना सुनी जब संबंध व पूरे घटना क्रम के बारे में प्रिंसिपल मीनाक्षी भार्गव से बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि हमारे द्वारा होस्टल बच्चों को अनुशासन का पालन करने को कहा जाता है। होस्टल में मोबाइल का उपयोग करने के लिए मना किया जाता है, जिसके बाद भी बच्चे राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होते हैं बच्चों को जयस की रैलियों में ले जाया जाता है बच्चों को हम इन चीजों से रोकते हैं, तो बच्चे लोगों के बहकावे में आकर ऐसा करते हैं। जब प्रिंसिपल से लेदाराम जमरे जिसे उनके द्वारा रेस्टीगेट किया गया था उसके बारे पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि वह छात्र 3 बार छात्रवास में मोबाईल रखते हुए पकड़ाया है व मेरे साथ शराब पीकर बदतमीजी कर रहा था जिसके चलते उसे रेस्टीगेट कर टीसी दे दी गई है। वहीं जब शराब की बात सुन प्रिसिंपल से बच्चे के स्वास्थ परीक्षण के बारे में पूछा गया तो वो कुछ बता नहीं पाई सिर्फ मोबाईल रखने व बदतमीजी करने को लेकर रेस्टीगेट करने की बात कहती रही।

खबर लिखे जाने तक बच्चे स्थित पलसूद स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर प्रिंसिपल के निलंबन की मांग को लेकर डटे रहे। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बच्चों से चर्चा की गई, जिसमें बच्चों द्वारा छात्र छात्रावास की अव्यवस्थाओं के बारे में बताया, जिसके बाद अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कर प्रतिवेदन बना कर जल्द से जल्द वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर कार्रवाई की बात की। उक्त घटनाक्रम में बच्चों को भूखा और पैसा देख निवाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि चतर सिंग पटेल व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रूपेश पिपलोद द्वारा बच्चों के नाश्ते व पेय जल की व्यवस्था की गई।

**की रोकने की कोशिश**

- बच्चों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन नहीं रूके।
- बच्चें जिला कलेक्टर से मिलने की करते रहे मांग।

## भव्य शोभायात्रा से होगा रामकथा का आगाज

**सेंधवा।** 22 जुलाई से नगर में 7 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा से होगा। हरि कथा सत्संग समिति के सचिव निलेश जैन ने बताया शोभायात्रा सुबह 9.30 बजे सत्यनारायण से शुरू होकर श्याम बाजार, रामबाजार, किलागेट होते हुए मंडी शेड पहुंचेगी। दोपहर 2 से 5 बजे तक श्रीरामायण कथा होगी, जिसमें प्रथम दिन राम महिमा, द्वितीय दिन शिव चरित्र, तृतीय दिन राम जन्म, चतुर्थ दिन बाल लीलाएं व सीताराम विवाह, पंचम दिन वन गमन, छठे दिन शबरी मिलन और सप्तम दिन लंका दहन, विभीषण शरणागत व राज्याभिषेक प्रसंग का वर्णन होगा। एकल महिला अभियान अध्यक्ष निशा शर्मा, सचिव सुप्रिया वेध, योगिता जैन, ज्योति बैरागी, डॉक्टर नीलिमा पवार, अंकिता ओक, अंजना राजेश शर्मा, रेखा गर्ग, मनोरमा लोडारे, मंगला पंडित आदि ने शहरवासियों से कथा में भाग लेने का आग्रह किया है।

## धर्मगुरू का होगा आगमन

**सेंधवा, (नवभारत)।** 10 अगस्त को बंजारा समाज के धर्मगुरु संत बाबू सिंह जी महाराज का सेंधवा आगमन होगा। इसे लेकर ग्राम गड़देव में परम पूज्य संत प्रकाश चैतन्य जी महाराज के आश्रम पर समाजजनों की बैठक हुई।

बैठक में परम पूज्य संत प्रकाश चैतन्य जी बापू, बंजारा क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष हुकुम पवार, बदोलाल राठौड़, संतोष नायक, संजय राठौर, रामचंद्र राठौर, जालम यादव, मानसिंह राठौर, गोरख यादव, जुगनू पवार, दिनेश यादव, प्रकाश चौहान, तुकाराम चौहान, धनराज राठौड़, दरियाव यादव सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। संत प्रकाश चैतन्य जी ने समाज को एकजुट होकर स्वागत की भव्य तैयारी करने का आह्वान किया। जय श्रीराम व जय सेवालाल के उद्घोष से माहौल भक्तिमय रहा।



**एक नजर में** | कन्या शिक्षा परिसर बड़गांव तथा कन्या महाविद्यालय बड़वानी में हुई कार्यशाला, उत्साह से शामिल हुई बालिकाएं

## राष्ट्रीय नृत्यांगना मुस्कान ने दिया कथक नृत्य का प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी 22 जुलाई.** जिले में सोमवार से कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया हुआ। पहले दिन कन्या शिक्षा परिसर बड़गांव एवं कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला हुई। इस दौरान स्पीक मैके नई दिल्ली की राष्ट्रीय नृत्यांगना मुस्कान नागपाल की कथक नृत्य की कार्यशाला का शुभारंभ बड़गांव में प्राचार्य मुकेश पंवार, स्पीक मैके के संयोजक अनिल जोशी तथा कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य कविता भदौरिया एवं प्रोफेसर




नटवर लाल गुप्ता ने किया।

युवाओं में भारतीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्पीक मैके एक सांस्कृतिक आंदोलन है। जन जातीय क्षेत्र के ग्रामीण छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति, संगीत और शास्त्रीय नृत्य के प्रचार-प्रसार के लिए कलाकार ने सोमवार को अपनी कला का नि:शुल्क प्रदर्शन किया। कन्या शिक्षा परिसर में कार्यक्रम के बाद पौधारोपण भी किया गया।

शहर के कन्या महाविद्यालय परिवार द्वारा सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग जेएस डामोर, स्पीक मैके चैप्टर तथा कलाकार मुस्कान नागपाल को ध्यनवाद दिया गया।

### यह रहे उपस्थित

कन्या महाविद्यालय में डॉ जगदीश मुजाल्दे, प्रोफेसर सीमा नाइक, प्रोफेसर स्नेह लता मुजाल्दा, नितेश सैनी, शिक्षक गोवर्धन राठौड़, हेमलता शर्मा, दीपक बिल्लौर, हर्ष गहलोत उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों का किया स्वागत



**सेंधवा.** नेहरू समिति हायर सेकेंडरी स्कूल सेंधवा में सत्र 2025-26 की शुरुआत नए भवन में प्रवेश उत्सव के साथ हुई। अध्यक्ष बीएल जैन ने कहा कि इस वर्ष का ध्येय संस्कार और अनुशासन रहेगा। बच्चों के लिए सुव्यवस्थित कंप्यूटर लैब और स्मार्ट बोर्ड क्लासेस शुरू की गई हैं। प्रार्थना सभा में 10 मिनट का योग अभ्यास अनिवार्य किया गया है। पूर्व अध्यक्ष पीरचंद मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दिलीप कानूनगो, उपाध्यक्ष रविंद्रसिंह मंडलोई, सचिव शैलेष कुमार जोशी, मनोज कानूनगो, शरद पालीवाल, केसी पालीवाल, प्रधान पाठक देवेन्द्र कानूनगो मौजूद थे। संचालन अथर्व पालीवाल और पलक मालवे ने किया। विद्यार्थियों का स्वागत बैंड ग्रुप ने किया।

**एक नजर में**

## ब्याज के लिए सताया, चौकीदार ने की आत्महत्या

**इंदौर .** हातोद थाना क्षेत्र में एक स्कूल के चौकीदार ने सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी . पुलिस ने जांच के बाद पिता-पुत्रों सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है . फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है . घटना बीते साल 25 सितंबर की है, जब भगवती कान्वेंट स्कूल के चौकीदार रूम में रहने वाले 45 वर्षीय राजेंद्र उर्फ राजू बोइना ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी . शुरुआत में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी, लेकिन मामले में सामने आए तथ्यों ने चौंका दिया . जांच में पता चला कि राजेंद्र पर उधारी का दबाव था और उससे ब्याज सहित रकम की वसूली के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था . वीरेंद्र पिता अनोखीलाल जैन, उसके दो बेटे जयेश और भावेश निवासी भटेवरा बाजार तथा विकास कुशवाह निवासी नंदलाल रोड द्वारा मृतक को धमकाया जा रहा था . पुलिस ने चारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है . मामले में थाना प्रभारी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है . जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है .

## जानापाव में ब्रह्म संसद का आयोजन



**महू .** ब्रह्मतीर्थ जानापाव में रविवार को देश भर के ब्राह्मणों का वृहद स्तर पर ब्रह्म संसद आयोजित की गई . अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में दो सत्रों में चर्चा हुई . विभिन्न मुद्दों पर चिंतन कर सदस्यों ने सुझाव दिए, बैठक में मप्र के अलावा उप्र , बिहार, झारखंड, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों के विभिन्न जिलों के ब्राह्मण जन अपनी अपनी टीम के साथ पहुंचे . अभा ब्राह्मण समाज के प्रमुख पं सुरेंद्र चतुर्वेदी ने उपस्थित ब्राह्मणों को आयोजन के मुख्य उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आयोजन में ब्राह्मण समाज के समस्त संगठनों को एक जाजम पर लाकर एक समन्वय समिति का गठन किया जा रहा है . भगवान परशुराम की प्राकट्यस्थली पर प्रथम बार आयोजित इस ब्रह्म संसद में विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रस्ताव पारित किए गए . आयोजन में भारत के कोने कोने से आए ब्राह्मण जन एवं ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनो के पदाधिकारियों ने मिलकर एक साथ एक जाजम पर निर्णय लिए इस हेतु एक समन्वय समिति का गठन भी किया गया जिसके प्रमुख पं नर्मदाशंकर भार्गव को बनाया गया समिति संपूर्ण मप्र में कार्यरत रहेगी . कार्यक्रम में जूना अखाड़े के शैलेशानंद गिरी महाराज, परमहंस बापू श्री श्री या चंद्र मौली महाराज, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, सुनील पांडेय, पूर्व अपर आयुक्त आदित्य नागर, जयप्रकाश पुरोहित, विवेक शर्मा, कैलाश द्विवेदी, देवेंद्र शास्त्री, प्रवीण शर्मा, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, परशुराम सेना के प्रमुख अनूप शुक्ला, कमला त्रिपाठी, अशोक भार्गव, कैलाशदत्त पाण्डेय, प्रदीप द्विवेदी, संजय शर्मा आदि सहित हजारों की संख्या में ब्राह्मण जन उपस्थित थे . संचालन सुरेंद्र चतुर्वेदी एवं अनूप शुक्ला ने किया . आभार सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं जानापाव लोक न्यास के सदस्य पं दिनेश शर्मा ने माना .

## आइडियल लाइफ़ क्लब ने औषधीय पौधे लगाए

**महू .** डॉक्टर आंबेडकर नगर पवित्र सावन माह में एकादशी के अवसर पर सामाजिक संस्था आइडियल लाइफ क्लब द्वारा औषधिय पौधे आंबेडकर गार्डन में लगाए गए . इस दौरान निम, मीठा नीम, सीताफल, गिलोय, जाम, इन्सुलिन,पीपल, जामुन, पुदीना, एलोवेरा आदि पौधे लगाए गए . इस अवसर पर डॉ . नरेंद्र शर्मा, राजकुमार बागड़ी, कुंजीलाल पाल, धर्मेश जोशी, पत्रकार अशोक दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास, सुरेश क्षीरसागर, हेमंत कौशल, दीपक चौहान, विमल कौशल, लक्ष्मण अवतानी,सुभाष अग्रवाल, अतुल माहेश्वरी, आशीष तिवारी, जगवीर सिंह तोमर, राजकुमार सुप्रत उपस्थित थे . पूरा सप्ताह पौधे लगाए गए .

## आंध्रप्रदेश के रेड्डी देपालपुर प्रवास पर आए

**देपालपुर .** आंध्र प्रदेश के कोडरू भाजपा विधानसभा प्रभारी एवं अन्नामय्या जिला महासचिव साई सुदर्शन रेड्डी अपने एक दिवसीय देपालपुर प्रवास पर आए . यहां उन्होंने भगवान श्री 24 अवतार के दर्शन पूजन किया . साथ ही नीरज मनोज पटेल के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया . जहां पर पूर्व विद्यार्थी परिषद् नगर अध्यक्ष विश्वजीत यादव, आदर्श यादव, आशु चौबे, विकास गोस्वामी, रिजवान खान, अंकित पांचाल, गोपाल धाकड़, मोनू नाथ, गोलू बाथम, फरहान खान आदि मौजूद रहे .

# तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, युवती की मौत

- शनिवार की देर रात शहर की सड़कों पर हुए तीन हादसे
- लसूड़िया में कार छह फीट गहरे प्लॉट में पलटी



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. शहर में शनिवार रात से रविवार सुबह तक तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिनमें एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती की जान चली गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए. सबसे दर्दनाक हादसा तिल्लोर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में इंजीनियर युवती की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है. दो अन्य हादसे तेजाजी नगर और लसूड़िया क्षेत्र में हुए, जिनमें कारें पलट गई.**

पहली घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र तिल्लोर के पास उस समय हुआ, जब 25 वर्षीय आस्था सिंह सेंगर रतलाम निवासी अपने मित्र जितेंद्र के साथ बाइक से पार्टी के लिए जा रही थी. दोनों रात में राजपूत ढाबे की ओर निकलने वाले थे और अलग-अलग बाइकों पर सवार साथी उनसे आगे निकल चुके थे. तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े. घायलों को तत्काल ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां से आस्था की हालत बिगड़ने पर उसे जूपिटर अस्पताल में शिफ्ट किया . इलाज के दौरान रविवार सुबह करीब 5.30 बजे उसकी मौत हो गई. जितेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है और वह फिलहाल होश में नहीं है. मृतका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मूलत: कानपुर के पास अकबरपुर की रहने वाली आस्था ने गुना से बीटेक किया था और चार महीने पहले ही नौकरी के सिलसिले में इंदौर आई थी. वह केसरबाग रोड स्थित किराए के मकान में रहती थी और शहर की एक आईटी कंपनी में जॉब कर रही थी, उसके पिता किसान हैं. परिवार में एक छोटा भाई और एक बहन है. रिश्तेदार कुलदीप के अनुसार, आस्था के साथ चल रहे जितेंद्र की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ.मामले में थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि ट्रक की पहचान के प्रयास जारी हैं, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं. फिलहाल तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है.

### अनियंत्रित होकर कार पलटी

इसी तरह अन्य अन्य घटना इसी क्षेत्र में देर रात घटी जब कार नम्बर एमपी 09 जेडएम 0482 अनियंत्रित होकर पलट गई . कार में सवार चार युवकों में से दो को मामूली चोटें आई . एक युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जबकि अन्य घर लौट गए . इसी तरह तीसरी घटना लसूडिया थाना क्षेत्र के अंधे मोड़ पर घटी, स्कीम नंबर 136 में एक तेज रफ्तार कार नम्बर एमपी 13 जेडएल 1111 ब्रिलियंट चौराहे से स्कीम 136 की ओर जा रही थी . चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले एक अंधे मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया . कार फुटपाथ तोड़ते हुए करीब छह फीट गहरे खाली प्लॉट में पलट गई . गनीमत रही कि चालक सुरक्षित है, लेकिन कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, तीनों ही मामलों में पुलिल जांच कर रही है .

## चैकिंग प्वाइंट से भागने लगा स्टंटबाज़ तलाशी में मिला बड़ा चाकू

इंदौर. देर रात शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार बाइक से स्टंट करते हुए घूम रहे एक युवक को पुलिस ने जब रोकने की कोशिश की, तो वह चैकिंग पाइंट देखकर बाइक घुमा भागने लगा, पीछा कर उसे पकड़ लिया गया. तलाशी लेने पर उसके पास से बड़ा चाकू बरामद हुआ है. पुलिस को उसके आपराधिक रेकॉर्ड और बाइक की चोरी से भी जुड़ाव होने की आशंका है.

हीरानगर थाना क्षेत्र में टीआई पप्पूलाल शर्मा के नेतृत्व में देर रात करीब दो बजे तक चैकिंग पाइंट लगाया था. इसी दौरान एक युवक बाइक से स्टंट करता हुआ आता दिखाई दिया. पुलिस को देखते ही वह बाइक मोड़कर तेजी से भागने लगा.

## बाइक का रंग व ग्राहक की पसंद पूछकर चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई

**नव भारत न्यज**

- चोरी की 34 बाइक के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. शहर में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर शिकंजा कसते हुए लसूड़िया पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से करीब 22 लाख कीमत की 34 चोरी की बाइक बरामद की हैं. हैरानी की बात यह है कि ये आरोपी वाहन चोरी करने के बाद उन्हें खंडहरों या सुनसान इलाकों में छिपाकर रखते थे और जब किसी खरीदार से ब्रांड और रंग का ऑर्डर मिलता, तभी उस तरह की बाइक बेचने के लिए बाहर निकालते थे.**

इस पूरे खुलासे में पुलिस को



फर्जी इंजन और चेचिस नंबर चढ़ाने के उपकरण भी मिले हैं. गैंग के कुछ सदस्य पीपलरावां देवास के कंजर समुदाय के बदमाशों से ट्रेनिंग लेकर चोरी के इस धंधे में उतरे थे. पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी अभिषेक मालवीय 22 और कैलाश उर्फ गोलू मालवीय 24 हैं,


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### (जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

**निविदा विज्ञप्ति क्र.:** 49/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-11 तक

**निविदा आमंत्रण**

**दिनांक:** 18.07.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_438064_1 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 82 के अन्तर्गत गुरुशंकर नगर गोंदवले धाम के आस पास रोड का स्लोप सही करना व नवीन रोड का सिमेन्टीकरण करना। | 90 दिवस ₹9,27,312/- | ₹2,000/- ₹10,000/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 02 | 2025_UAD_438065_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत आर.एन.टी मार्ग पर सार्वजनिक शौचालय के पीछे पॉल नर्सिंग होम के पास वाल्मिकी कम्युनिटी हॉल का शेष निर्माण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹32,33,328/- | ₹5,000/- ₹24,300/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 03 | 2025_UAD_438066_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अन्तर्गत पिपल्याहाना चौराहा, अग्रसेन चौराहा, रमाबाई नगर एवं वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए जलजमाव के निराकरण हेतु स्ट्रार्म वॉटर लाईन का संधारण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹8,84,869/- | ₹2,000/- ₹8,900/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 04 | 2025_UAD_438067_1 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अन्तर्गत धर्मराज कॉलोनी में स्ट्रॉर्म वॉटर लाईन डालना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,89,271/- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 05 | 2025_UAD_438069_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत कुलकर्णी नगर में नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,50,271/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 06 | 2025_UAD_438072_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत शंकर कुमार का बगीचा में नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,50,917/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 07 | 2025_UAD_438073_1 | झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 24 के अन्तर्गत सर्वहारा नगर गली नं. 02 में नवीन आंगनवाड़ी का निर्माण कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,50,917/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 08 | 2025_UAD_438075_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65, 66 के अन्तर्गत उद्यानों में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग पिट में वर्षा के पानी को पहुचाँने हेतु स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। (साधुवासवानी गार्डन, खनूजा खेल मैदान, कलेक्टर निर्वाचन ऑफिस के सामने) (द्वितीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹18,63,023/- | ₹2,000/- ₹14,000/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 09 | 2025_UAD_438076_1 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अन्तर्गत सुन्दर नगर में गलियों एवं आस पास की सड़कों का सीमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹20,06,685/- | ₹5,000/- ₹15,100/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 10 | 2025_UAD_438078_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 के अन्तर्गत रविन्द्र नगर कुएं वाले गार्डन के आस पास जल निकासी हेतु स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹30,46,788/- | ₹5,000/- ₹22,900/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |
| 11 | 2025_UAD_438243_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अन्तर्गत भिचौली मर्दाना में माता मंदिर से रामेश्वर पटेल नगर होते हुए गिट्टी खदान तक रोड किनारे वर्षा के पानी की निकासी हेतु स्ट्रार्म वॉटर लाईन डालना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹47,50,707/- | ₹5,000/- ₹35,700/- | 04-08-2025 6.00 PM 08-08-2025 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**अधीक्षण यंत्री**
**(जनकार्य विभाग)**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**